भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
11, अशोक रोड, नई दिल्ली - 110001
फोन नं. : 23005700; फैक्स : 23005787

दिनांक : 29 सितम्बर, 2016

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा जारी प्रेस वक्तव्य

मैं भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री और भारतीय सेना को कल रात हुए सर्जिकल स्ट्राइक के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूँ। हमारी बहादुर सेना ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए 8 माह में 20 हमले जो आतंकवादियों द्वारा किए गए, उनको निरस्त किया और 117 आतंकवादियों को मार गिराया।

कल रात की सर्जिकल स्ट्राइक में पीओके में चल रहे आतंकवादियों के लाउचिंग पैड और ट्रेनिंग कैम्पस को सर्जिकल स्ट्राइक के माध्यम से नष्ट कर सेना ने अप्रतीम बहादुरी और साहस का परिचय दिया है।

मैं सेना की वीरता, देशभक्ति और हौसले को सलाम करता हूँ।

पहली बार इतनी भारी मात्रा में आतंकवादियों का नुकसान करने के बाद एक भी सेना के जवान के शहीद हुए बगैर जो सफल सर्जिकल स्ट्राइक किया है वह हमारी सेना की वीरता, क्षमता, देशभक्ति एवं साहस का परिचायक है। **आतंकवाद के खिलाफ चल रही इतनी लम्बी लड़ाई के बाद पहली बार आतंकवाद के ब्रिडिंग सेंटर को नुकसान पहुँचाकर आतंकवादियों को स्पष्ट जवाब दिया गया है।** आज हर भारतीय भारत की सेना पर गर्व करता है और i/kkue=h th d uRo e gj **भारतीय आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है।**

मैं देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को पुनः एक बार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में आतंकवाद को परास्त करने के लिए जो कदम उठाया है उसके लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूँ।

****